Need to check Drug menace in Punjab and strict action by the government against drug smugglers

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल **(**भटिण्डा**) :** सर, मैं आपका ध्यान इस ओर लाना चाहती हूं कि एनसीआरबी की रिपोर्ट ने बोला है कि पंजाब में ड्रग यूजर्स से ज्यादा ड्रग पेडलर्स हैं, जो नशा बेचते हैं । एनसीआरबी की रिपोर्ट यह भी कहती है कि देश में ड्रग्स से सबसे ज्यादा डेथ पंजाब में हो रही हैं और सबसे ज्यादा ड्रग्स स्मलिंग भी पंजाब में हो रही है । देश में 1150 किलो ड्रग्स पिछले साल पकड़ी गई थी । हाई कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की है कि पंजाब की होल एग्जिस्टेंशियल क्राइसिस है और आम आदमी पार्टी सरकार से जवाब मांगा है कि आप इसके खिलाफ कैसे लड़ रहे हैं? अफसोस की बात है कि लोग दुखी होकर गांवों की दीवारों पर लिख रहे हैं कि यहां पर नशा बिकता है, तो सरकार उनको पकड़ने के बजाय पुलिस भेजकर उसको मिटवा रही है । (व्यवधान)

सर, मुझे दो सेकंड दीजिए । मुझे बहुत जरूरी बात कहनी है । लोग यहां तक नशा कर रहे हैं कि वे अपने छोटे बच्चों को बेच रहे हैं । मेरे अपने लोक सभा क्षेत्र और अन्य जिलों से वीडियो वायरल हो रहे हैं, जहां नशा बेचा जा रहा है । सर, 43000 कॉल्स एक ही जेल के एक स्मग्लर (व्यवधान)

सर, मैं आपसे यह रिक्वेस्ट करती हूं कि आधा पंजाब बीएसएफ के अंडर है । बीएसएफ कहती है कि वहां पर हर दूसरे दिन नशे की चीजें पकड़ी जा रही हैं । हमारी सरकार नशे के विरुद्ध लड़ने के लिए बिल्कुल फेल हो गई है । मैं जानना चाहती हूं कि क्या केंद्र सरकार नशा रोककर लोगों और बच्चों की जान बचाने का काम करेगी? वहां पर बच्चों की माताएं रो रही हैं ।